भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर (म.प्र.)

हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा 2023 का संक्षिप्त सचित्र सार

भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर में हिन्दी दिवस का शुभारंभ 14 -15 सितंबर, 2023 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉप्लैक्स बालेवाड़ी पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित हिन्दी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के साथ हुआ। इस दौरान, 14 सितंबर हिन्दी दिवस पर **डॉ. हरीश सिंह गिनवाल निदेशक** एवं **राजभाषा कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष** की उपस्थिति एंव अध्यक्षता में संस्थान के विस्तार भवन कक्ष में कर्तव्य पर उपस्थित वैज्ञानिक वर्ग, उप वन संरक्षक (प्रशासन), तकनीकी अधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी, अनुसचिवीय पदाधिकारी, साथ ही साथ शोध छात्र वर्ग में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी माननीय गृह मंत्री जी **श्री अमित शाह जी** का सीधा संदेश प्रसारण प्रसारित किया गया।

इस दौरान, सहायक महानिदेशक, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, निदेशालय, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून द्वारा संसूचित सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी अ.शा.पत्र संख्या 11034/06/2023-राजभाषा (नीति) दिनांक 01 जून, 2023 मद 5 के अनुपालन में 14-15 सितंबर, 2023 को श्री शिव छत्रपति स्पोर्टस कॉंप्लैक्स बालेवाडी, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित हुए हिन्दी दिवस समारोह-2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में संस्थान की ओर से श्री विजय कुमार डी. काम्बले, सहायक निदेशक (राजभाषा) को मनोनीत कर प्रतिभागिता सुनिश्चित की गयी।

संस्थान में 15 से 29 सितंबर,2023 तक निदेशक की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिस दौरान संस्थान में कार्यरत अधिकारी, पदाधिकारी एवं शोधछात्रों हेतु राजभाषा हिन्दी की विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागितयों ने बढ़चढकर भाग लिया। 29 सितंबर, 2023 को हिन्दी पखवाडे का समापन किया गया जिस दौरान हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक के करकमलों से नकद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर बधाई देते हुए संस्थान के शासकीय कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया।

निदेशक के करकमलों से विजेताओं को नकद पुरस्कार,प्रशस्ति-पत्र प्रदान करने के पश्चात श्री दर्शन गट्टानी, भा.व.से.,उप संरक्षक (प्रशासन) द्वारा समारोह में उपस्थित वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी, अनुसचिवीय पदाधिकारी, शोध छात्र एवं संस्थान में संचालित विविध परियोजनाओं में कार्यरत क्षेत्र सहायक वर्ग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर निदेशक एवं समारोह के अध्यक्ष महोदय की अनुमति एवं अनुमोदन से हिन्दी पखवाड़े का समापन किया गया।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान, सभा को संबोधित करते हुए **डॉ. हरीश सिंह गिनवाल, निदेशक**

माननीय गृह मंत्री जी के संदेश का प्रसारण करते हुए श्री दर्शन गट्टानी, भा.व.से., उप वन संरक्षक (प्रशासन)

14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी श्री अमित शाह जी का जारी सीधा संदेश प्रसारण का अपने पदाधिकारी वर्ग के साथ अवलोकन करते हुए **डॉ. हरीश सिंह गिनवाल, निदेशक**

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विविध हिन्दी प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल एवं प्रतिभागी वर्ग

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित हिन्दी की विविध प्रतियोगिताओं में भाग लिये हुए प्रतिभागी वर्ग

हिन्दी पखवाड़े के दौरान, आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओ के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए डॉ. हरीश सिंह गिनवाल निदेशक एवं श्रीमती नीलू सिंह समूह समन्वयक (अनुसंधान)

हिन्दी पखवाड़े के समापन पर उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री दर्शन, गट्टानी, भा.व.से., उप वन संरक्षक (प्रशासन)

'आधुनिक भाषाओं के हार की मध्यमणि हिंदी भारत भारती होकर विराजती रहे ।'

_गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर